वर्ष- 02 अंक- 291
छपरा
10 सितंबर बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## अंबाला के विशाल मेगा मार्ट में आग, 2 फ्लोर का सामान खाक



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा के अंबाला में आज सुबह करीब 9 बजे विशाल मेगा मार्ट में आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में पूरे मॉल को चपेट में ले लिया। इसकी जानकारी लोगों को तब हुई, जब मॉल के आगे लगे शीशे आग की गर्मी से चटककर गिरने लगे और धुआं बाहर आने लगा।

इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। पहले फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। हालांकि, आग ज्यादा फैल जाने से इस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

## एससी/एसटी अत्याचार मामले में गिरफ्तार होंगे डीएसपी शंकर गणेश



**कांचीपुरम, एजेंसी।** तमिलनाडु के कांचीपुरम की प्रधान जिला और सत्र अदालत ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डीएसपी एम. शंकर गणेश की गिरफ्तारी का आदेश दिया। अदालत ने यह कदम एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में जांच में लापरवाही बरतने पर उठाया। कोर्ट के आदेश में कहा गया कि 20 अगस्त 2025 को दर्ज एफआईआर के बाद भी जांच अधिकारी शंकर गणेश ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जो कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है।

**बेकरी हिंसा केस से जुड़ा है मामला :** मामला वलजाबाद के बेकरी हिंसा केस से जुड़ा है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की। इसी पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीएसपी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया।

## ईद ए मिलाद जुलूस में पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का वीडियो वायरल, केस दर्ज

**शिमोगा, एजेंसी।** कर्नाटक राज्य के शिवमोग्गा जिले के भद्रावती नगर में ईद ए मिलाद के जुलूस के दौरान पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद न्यू टाउन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने वीडियो को फोरेंसिक लैब भेज दिया है।

दरअसल, इस वायरल वीडियो में सोमवार रात ईद मिलाद के जुलूस के दौरान अंबेडकर सर्किल में कुछ युवकों ने पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लगाते दिखते हैं। इस वीडियो की सत्यता हमारा मीडिया ग्रुप नहीं करता है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद न्यू टाउन पुलिस ने स्वतः संज्ञानलेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

इस संबंध में शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने मंगलवार को बताया कि सोशल मीडिया पर 12 सेकंड का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले को गंभीरता से लिया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

# प्रदर्शन की आग, सुलग रहा नेपाल

● हिंसक प्रदर्शन के बीच पीएम ओली ने दिया इस्तीफा ● वित्त मंत्री व पूर्व पीएम शेर बहादुर की जमकर पिटाई



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। इसके अलावा, पीएम ओली, राष्ट्रपति, गृहमंत्री के निजी आवास पर तोड़फोड़ के बाद आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वहीं, वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारता दिख रहा है। इन हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया है। उन्हें सेना हेलिकॉप्टर से अज्ञात स्थान पर ले गई है। इस हिंसा में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू में नेपाल के वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल को भी पीटा है। पौडेल को एक गली में घेरकर पीटा गया। इस घटना का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें एक प्रदर्शनकारी पौडेल को लात मारते हुए दिखता है।



### संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट को लगाई आग

प्रदर्शन में शामिल गुस्साए युवाओं ने सिंह दरबार परिसर, संसद भवन और वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के निजी आवासों को भी निशाना बनाया और आगजनी व तोड़फोड़ की। पार्टी कार्यालयों और पुलिस थानों को भी नहीं बख्शा गया, दिन भर तोड़फोड़ की लगातार खबरें आ रही हैं। काठमांडू में प्रमुख सरकारी और राजनीतिक स्थलों पर प्रदर्शनकारियों के बढ़ते जाने के कारण अधिकारी हिंसा को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने देश में जारी सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शनों के मद्देनजर मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# पीएम ने पंजाब में बाढ़ग्रस्त इलाकों का जाना हाल

● हवाई सर्वे किया, गुरदासपुर में आम लोगों से मिले

### हिमाचल को 1500 करोड़ रु. देने का किया ऐलान

**चंडीगढ़ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के बाद पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। वह गुरदासपुर पहुंच गए हैं। यहां वह बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलेंगे। इसके बाद समीक्षा मीटिंग होगी, जिसमें पंजाब के चीफ सेक्रेटरी बाढ़ संबंधी रिपोर्ट पेश करेंगे। पंजाब की क्कसरकार ने केंद्र से 80 हजार करोड़ रुपए की मांग की है। इससे पहले क्करू ने हेलिकॉप्टर से कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद कांगड़ा में आपदा को लेकर एक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हें नुकसान की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मीटिंग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बैठक में मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मंडी,



कुल्लू और चंबा जिले के 18 प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी आपबीती सुनी। उन्होंने एक साल की नितिका से भी मुलाकात की, जिसके माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ में मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री ने नितिका को पहले टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठा लिया। इससे पहले, 5 सितंबर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमृतसर, गुरदासपुर और कपूरथला में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि 1988 के बाद यह पंजाब में सबसे भयानक बाढ़ रही है। प्रधानमंत्री को बेहद उदार होना चाहिए। उन्हें खजाने के द्वार खोलने चाहिए। पंजाब और हिमाचल प्रदेश सीमावर्ती राज्य हैं। केवल सहानुभूति ही नहीं, बल्कि इन दोनों राज्यों को जरूरत है ठोस और लगातार आर्थिक सहयोग की, ताकि लोगों की जिंदगी और रोजगार दोबारा पटरी पर आ सके।

### आपदा में बची एक साल की बच्ची से मिले पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ और भूस्खलन की आपदा का मंगलवार को जायजा लिया। उन्होंने हवाई सर्वे किया और कई लोगों से मुलाकात भी की। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए कई फैसले भी लिए हैं ताकि प्रभावितों को राहत मिल सके। पीएम मोदी सबसे पहले कांगड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने एक साल की बच्ची निकिता को भी गोद में लिया। राज्य में आई आपदा की निकिता एक प्रतीक बन गई है। बच्ची ने मंडी जिले में बादल फटने की घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया, लेकिन खुद जीवित और सुरक्षित बच गई है। निकिता महज 11 महीने की थी, जब बादल फटने की घटना में उसके पिता रमेश कुमार (31), मां राधा देवी (24) और दादी पूनम देवी (59) की मौत हो गई थी।

### राजस्थान में इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश

# कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 की मौत

## अहमदाबाद में करंट से पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान में इस मानसून सीजन राज्य के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश 693.1mm हुई है। 108 साल पहले 1917 में 844.2mm बारिश दर्ज हुई थी। अब तक राज्य के 63% बांध फुल हो चुके हैं।

बीते तीन महीने की बात करें तो जून में 125.3mm, जुलाई में 290mm, और अगस्त में 184mm, बारिश रिकॉर्ड हुई।



हिमाचल के कुल्लू में सोमवार देर रात एक घर पर लैंडस्लाइड हुई। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग दब गए। जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई। 3 लोग बचाए गए हैं, एक की तलाश जारी है।

यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं। 50% इलाका बाढ़ प्रभावित है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया।

वृंदावन का परिक्रमा मार्ग पूरी तरह डूब चुका है। बांके बिहारी मंदिर से यमुना की दूरी 600 मीटर है, लेकिन अब महज 100 मीटर रह गई। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 48 जिले बाढ़ की चपेट में है। गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

# सीपी राधाकृष्णन होंगे देश के नए उपराष्ट्रपति

### इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव जीत गए हैं। राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले, वहीं इंडिया कैंडिडेट सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा किया। दोनों पार्टियों ने किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं किया। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इनकार कर दिया।



वायएसआरसीपी के 11 सांसदों ने पहले ही एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया था। चुनाव जीतने के बाद राधाकृष्णन अब जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

## बंगाल के व्यापारी सौरभ राय के घर ईडी का छापा, 64 लाख नकदी बरामद

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में रेत तस्करी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बसंतपुर निवासी व्यापारी सौरभ राय के घर छापेमारी कर 64 लाख नकद बरामद किए। नोटों की गड्डियां घर के अलग-अलग हिस्सों में छिपाई गई थीं।

ईडी के सूत्रों ने बताया कि एजेंसी की टीम ने सोमवार सुबह से ही राज्य के कई ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू की थी। छापेमारी के दौरान सौरभ राय घर पर मौजूद नहीं थे। परिवार के सदस्य इतनी बड़ी नकदी के स्रोत और उद्देश्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

एजेंसी सूत्रों ने बताया कि सौरभ राय को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जाएगा ताकि वह कोलकाता के साल्टलेक स्थित ईडी दफ्तर में पेश हों और अपने बयान दर्ज कराएं।

# कुलगाम एनकाउंटर : आतंकियों की तलाश जारी, एक दिन पहले मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे; दो जवान भी शहीद

**कुलगाम, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में गुड्डर के जंगलों में मंगलवार को भी सुरक्षाबल सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं। इसे ऑपरेशन गुड्डर नाम दिया गया है। सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी। इसमें दो आतंकी ढेर हुए, सेना के दो जवान भी एनकाउंटर के दौरान शहीद हुए।

मंगलवार को दूसरे मृतक आतंकी की भी पहचान पाकिस्तान के एलईटी कमांडर रहमान भाई के तौर पर हुई। वो पीर पंजाल में एक्टिव था। सोमवार को सुरक्षाबलों ने रहमान के साथ आमिर अहमद डार को मार गिराया था। आमिर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। सितंबर 2023 से घाटी में एक्टिव था।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना की 9RR और CRPF की एक जॉइंट टीम ने आतंकवादियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने के बाद गुड्डर में सर्चिंग शुरू की थी। तभी आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की थी। माना जा रहा है कि गुड्डर में अभी भी 2-3 आतंकी हो सकते हैं।

**आरएस पुरा बॉर्डर के पास घुसपैठिया गिरफ्तार :** इसके अलावा जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का रहने वाला सिराज खान नाम के घुसपैठिए को रविवार रात 9.20 बजे ऑक्ट्रोई चौकी पर तैनात BSF जवानों ने देखा।

### सेना प्रमुख बोले- सेना के लिए आत्मनिर्भर भारत जरूरी

#### लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर को 4 दिन का टेस्ट मैच बताया, युद्ध हमेशा अनिश्चित होते हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा कि सेना के लिए भी आत्मनिर्भर भारत जरूरी है। पहले संघर्ष के समय जहां 100 किमी की रेंज वाले हथियारों की जरूरत थी, आज वहां 300 किमी की रेंज वाले हथियार चाहिए। उन्होंने आगे कहा- हमारे विरोधियों की तकनीक आगे बढ़ रही है। हम विदेशी हथियारों पर हमेशा निर्भर नहीं रह सकते। अपनी क्षमता पर भरोसा और लगातार मजबूत होना ही हमें भविष्य के युद्धों के लिए तैयार कर सकता है। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा- कुछ लोगों ने कहा कि ये तो चार दिन का टेस्ट मैच था। लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि ये इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला। नई तकनीक और भविष्य की तैयारी जारी है सेना प्रमुख ने आने वाले समय में नई तकनीक वाले हथियारों को सेना में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा- भारत हथियारों के मामले में राइफल से लेजर हथियारों तक जाना चाहता है।

### नकल पर सुप्रीम कोर्ट बोला- मुन्नाभाई अंदर ही रहें:

# अपने बदले दूसरे से परीक्षा दिलवाने पर फटकार लगाई, जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुन्नाभाई अंदर रहना चाहिए। ये सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं। इनकी वजह से तमाम उम्मीदवार नुकसान झेलते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जमानत याचिका खारिज करते हुए यह बात कही। याचिकाकर्ता पर दिसंबर 2024 में हुई उत्तर प्रदेश सीटीईटी परीक्षा में अपनी जगह प्रॉक्सी सॉल्वर यानी पेपर में अपने बदले दूसरे से परीक्षा दिलवाने का आरोप है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टि, संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले में हिंदी फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस का जिक्र किया। 2003 में आई इस फिल्म में संजय दत्त ने मुन्नाभाई का किरदार निभाया था, जिसने मेडिकल परीक्षा में अपनी जगह किसी दूसरे व्यक्ति को बैठाया था।

**हाईकोर्ट पहले ही कर चुका जमानत याचिका खारिज :** इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि इस केस में तीन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ था। प्रॉक्सी उम्मीदवार सहित दो को जमानत मिल गई। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने



उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि उसे झूठा फंसाया गया है। परीक्षा के दिन वह अस्पताल में भर्ती था। उसे पता ही नहीं था कि उसकी जगह कोई और परीक्षा में बैठ गया।

हाईकोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि परीक्षा में कोई दूसरा व्यक्ति बैठने से शिक्षा प्रणाली की अखंडता को ठेस पहुंचती है। समाज पर इसके गंभीर प्रभाव पड़ते हैं।

**गड़बड़- केंद्र में बायोमैट्रिक मिलान नहीं होने पर पकड़ा :** याचिकाकर्ता और अन्य पर एक प्रिंसिपल की शिकायत पर BNS और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ था। 15 दिसंबर, 2024 को स्कूल में आयोजित परीक्षा में संदिग्ध उम्मीदवार की सूचना मिली थी। जांच में बायोमैट्रिक मिलान नहीं हुआ। पता चला कि याचिकाकर्ता संदीप सिंह पटेल की जगह कोई अन्य व्यक्ति फर्जी प्रवेश पत्र का इस्तेमाल कर परीक्षा दे रहा था।

**विवादों में रहीं हैं परीक्षाएं, लाखों अभ्यर्थी होते हैं तंग :** राजस्थान में 2018 की जेल वार्डन परीक्षा में 1.7 लाख बच्चे बैठे। पेपर लीक हुआ। 70 लोग पकड़े गए।

- 2021 की एसआई भर्ती में पेपर लीक व प्रॉक्सी पकड़े। 125 से अधिक गिरफ्तारियां। परीक्षा रद्द हुई।
- रीट में पेपर लीक में 600 से अधिक जांच में आए। 123 शिक्षकों पर एफआईआर हुई।
- उत्तर प्रदेश में 2021 में पेपर लीक के बाद यूपीटीईटी रद्द करनी पड़ी। 18.22 लाख अभ्यर्थी परेशान।
- 2022 में शिक्षक भर्ती घोटाले में 203 चयनितों में से 202 की बीपीएड की डिग्री फर्जी मिली।
- 2024 में कॉन्स्टेबल के 60 हजार पदों की परीक्षा का पर्चा लीक। परीक्षा रद्द हुई। 48 लाख अभ्यर्थी तंग हुए।
- बिहार में 2023-24 में कॉन्स्टेबल भर्ती का पेपर लीक हुआ। 62 से अधिक संदिग्ध चिह्नित हुए।
- 1300 से ज्यादा प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में 445 से अधिक अभ्यर्थियों के दस्तावेज फर्जी मिले।

# अगामी बिहार विस चुनाव को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मंगलवार को नपं सभागार में हुई समीक्षा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मढ़ौरा, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मढौरा/नगरा, अंचलाधिकारी मढौरा/नगरा, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सीडीपीओ, सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पर्वेक्षकीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिसमे सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे एवं मार्गतालिका तथा नक्शा का सत्यापन, क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाएं का भौतिक सत्यापन, मतदान के दिन अति संवेदंशीलता उत्पन्न करने वाले व्यक्ति की पहचान, मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कारगर उपायों समेत संबंधित जानकारी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

# जॉब दिलाने के नाम पर हैदराबाद ले जाकर बच्चो के साथ उत्पीड़न

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** युवाओं को जॉब दिलाने के नाम पर परसा से हैदराबाद ले जाकर बच्चो के साथ उत्पीड़न व प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बच्चे हैदराबाद से किसी तरह घर परसा वापस आकर परसा थाने में आवेदन देकर आप बीती सुनाई और करवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित छात्र द्वारा बिहार सरकार के संचालित सन्स्थान इंटेल्स परसा के संस्थान ब्रज वर्क आरटीडी ट्रेनिंग सेंटर परसा के छात्र है। छात्र माड़र निवासी स्वर्गीय अजय साह के पुत्र संजीव कुमार,धने छपरा निवासी साहेब राय का पुत्र राहुल कुमार,बनकेरवा निवासी मनोज शर्मा के पुत्र चंदन कुमार ने परसा थाने में आवेदन देकर कहा है ।वे इस संस्थान में बिहार सरकार के कौशल विकास योजना के तहत छह महीने का जीडीए का कोर्स किया था तदोरान्त सभी छात्रों से जॉब के नाम पर सन्स्थान के निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा द्वारा एक एग्रीमेंट कराया गया और बोला गया कि जॉब के साथ बीएससी नर्सिंग का भी सर्टिफिफिकेट दिया जाएगा । सेलरी 24800 प्रतिमाह देने को कहा गया। जिसके आधार पर सभी छात्र छात्राओं ने फॉर्म भरकर दिया।और इंटरवियू देने के बाद सभी लोगो को हैदराबाद भेजा गया । जहा ले जाकर पाच छह दिनों तक इधर उधर भटकाया गया। वही एक कमरे में 15 छात्रों को रखा गया । जबकि इसकी शिकायत इंटेलस संस्थान के डायरेक्टर विश्वकर्मा शर्मा से की गई ।तो उनके द्वारा बोला गया कि तुमलोगो को पाच हजार देने का औकाद नही है लेकिन मैं पंद्रह हजार पर रखवा रहा हु। तब हम सभी निराश होकर घर वापस लौट आया तो निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा द्वारा गाली गलौज कर तरह तरह की धमकियां भी दी जा रही है। नही तो ट्रेनिंग का सारा खर्च 90 हजार भरना होगा ।जबकि बताया गया था कि ये कोर्स बिहार सरकार के द्वारा फ्री होने की बाते कही गयी थी। पीड़ित छात्र ने बताया कि संस्थान से 32 लड़के व 26 लड़के का एआईजी होस्पिटल हैदराबाद के लिये सेलेक्शन हुआ था। लेकिन बिहार सरकार द्वारा एसेसमेंट( परीक्षा) देर से लिये जाने के कारण उस होस्पिटल ने लड़को को लेने से मना कर दिया ।वही थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।दोषियों पर आवश्यक करवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत, सारण विकास मंच के संयोजक ने पीड़ित परिजनों से मिलकर दिया सांत्वना

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के भागवतपुर पंचायत के फरीदपुरा गांव में गतदिनों सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई थी। मृतक उक्त गांव निवासी रुदल राय का 45 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार यादव हैं। बताया जाता हैं कि गत शनिवार की रात अशोक माधोपुर गांव में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सारण तटबंध पर टीकमपुर ढाला के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों के सहयोग से चिकित्सको से प्राथमिक उपचार कराकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए परिजन पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गई।अशोक अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसके असामयिक मृत्यु से परिवार पर आर्थिक संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार की रात सारण विकास मंच के संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने मृतक के परिवार से मुलाकात की एवं घटना को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक के पिता रूदल राय और अन्य परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही सरकारी मुआवजा दिलाने और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर सारण विकास मंच के प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, पूर्व बीडीसी मो0 साबीर, नागेंद्र राय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।





# एकमा में एक और युवक का हथियार लहराते बीडीओ वायरल

## पहले की शराब पार्टी फिर लहराया हथियार, तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में भी कैद



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एकमा थाना क्षेत्र के मनी छपरा गांव में शराब की पार्टी के बाद कुछ युवकों के हथियार लहराते बीडीओ इन दिनों सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है.बताया जाता है कि मनी छपरा गांव निवासी हरिशंकर उपाध्याय के पुत्र राजु उपाध्याय अपने कुछ दोस्तों के साथ पहले तो भोजपुरी गानों के ठुमके पर शराब की पार्टी की फिर हथियार भी लहराए. बीडीओ में एक हीं बाईक पर सवार तीन युवक राईफल लहराते दीख रहे हैं, शराब पार्टी में युवक बार बार किसी को गोली मारने की बात कर रहें हैं, यहां तक कि थाना पुलिस के आने पर भी कंट्रोल कर लेने की बात कर रहे हैं.बताया जाता है कि शराब की पार्टी व हथियार लहराते तस्वीरें स्थानीय सीसीटीवी में भी कैद हो चुकी है जो पुलिसिया जांच का मामला है. फिलहाल सोशल मीडिया पर लोगों ने सारण पुलिस से ऐसे युवकों पर कार्रवाई करने की प्रतिक्रिया व्यक्त की है. हालाँकि दैनिक खोज खबर इस बीडीओ की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है. विदित हो कि कुछ हीं दिनों पूर्व एकमा के गंजपर गांव से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर हथियार लहराने वाला युवक मंटू राम के पुत्र छोटू कुमार राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

# सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत, विधायक ने मृतक के परिजन से मिल सरकारी सहायता का दिया आश्वासन



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के फरीदपुरा गांव में गतदिनों सड़क दुर्घटना में घायल एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक उक्त गांव निवासी रुदल राय का 45 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार यादव हैं। बताया जाता हैं कि गत शनिवार की रात अशोक माधोपुर गांव में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सारण तटबंध पर टीकमपुर ढाला के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों के सहयोग से चिकित्सको से प्राथमिक उपचार कराकर उन्हें बेहतर इलाज के लिए परिजन पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गई।अशोक असामयिक मौत से परिवार पर आर्थिक संकट का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की एवं पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। विधायक ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में भी हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष डॉ मेवालाल सहनी, पूर्व सरपंच उपेंद्र सिंह, गुड्डू कुशवाहा, रामाधार सिंह, समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पांच पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** शराब पीने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है. सोमवार की देर संध्या पांच लोगों को शराब पीने के आरोप में दबोचा गया. गिरफ्तार सभी आरोपितों को थाने लाने के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में छपरा जेल भेज दिया गया. बताया गया कि गश्ती दल को लगातार शिकायत मिल रही थी कि विभिन्न जगहों पर शराब सेवन की गतिविधि हो रही है. इसी आधार पर छापेमारी कर इन लोगों को पकड़ा गया. थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.गिरफ्तार लोगों में अलग-अलग जगह व जिले के अनवर अली,अप्पी राज,जीतेन्द्र शर्मा, रंजीत सिंह, व अजय शर्मा शामिल हैं.

## सर्पदंश से किशोरी की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत के बीरती गांव में सोमवार की देर रात सर्पदंश से एक किशोरी की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृत किशोरी की पहचान भोला महतो की पुत्री स्नेहा कुमारी (17) के रूप में हुई है। स्वजनों के अनुसार स्नेहा कुमारी भोजन करने के बाद कमरे में सो रही थी, तभी उसे सर्प ने दंश लिया। इससे वह बेहोश हो गई। स्वजन उसे इलाज के लिए निजी वाहन से अस्पताल ले गए, जहां इलाज के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। रामगढ़ पंचायत के मुखिया पति सत्येंद्र भारती ने मृतका के घर पहुंचकर स्वजनों को सांत्वना दी।



# अनचाहे गर्भ से सुरक्षा के लिए महिला बंध्याकरण को अपनाएं, सरकार देगी 3 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि

- प्रथम शिशु के बाद दूसरे शिशु के जन्म में 3 साल का अंतराल जरूरी
- स्थायी साधन के तौर पर महिला बंध्याकरण और पुरूष नसबंदी की सुविधाएं
- पुरूष नसबंदी पर भी सरकार देती है प्रोत्साहन राशि

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बढ़ती जनसंख्या न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे समाज और देश के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। सीमित संसाधनों के बीच बच्चों की परवरिश, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में छोटे परिवार की अवधारणा ही सुरक्षित और सुखी भविष्य की कुंजी मानी जा रही है। इसी दिशा में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत कई तरह के अस्थायी और स्थायी साधनों की सुविधा उपलब्ध कराई है।महिलाओं के लिए कॉपर-टी, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, साप्ताहिक और दैनिक गर्भनिरोधक गोलियां, महिला कंडोम और आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली जैसे अस्थायी साधन उपलब्ध हैं। वहीं स्थायी सुरक्षा के लिए महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा भी दी जाती है। सरकार की ओर से लाभार्थियों को बंध्याकरण कराने पर 3000 रुपये और प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। ये सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध हैं।

**अस्थायी साधनों की व्यवस्था**-महिलाओं के लिए विभाग की ओर से कई अस्थायी उपाय उपलब्ध हैं। इनमें कॉप्पर-टी (380 और 375), गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया, दैनिक गोली माला-एन, महिला कंडोम और आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली (ईसी) प्रमुख हैं। ये सभी साधन पूरी तरह निःशुल्क सरकारी अस्पतालों और उपकेंद्रों में मिलते हैं।

**स्थायी उपाय, महिला व पुरुष नसबंदी**- अनचाहे गर्भ से स्थायी सुरक्षा के लिए महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। महिला प्रसव के सात दिन के भीतर बंध्याकरण करा सकती है। यह सुविधा सीजेरियन ऑपरेशन के दौरान भी दी जाती है।

### प्रोत्साहन राशि का प्रावधान

सरकार लाभार्थियों और प्रेरकों को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहायता भी देती है।

- प्रसव के 7 दिन के भीतर महिला बंध्याकरण पर ?3000 और इसके बाद कराने पर 2000 मिलते हैं।
- पुरुष नसबंदी पर 3000 की राशि दी जाती है।
- पीपीआईयूसीडी/पीएआईयूसीडी पर ?300 और अंतरा इंजेक्शन पर
- 100 प्रोत्साहन राशि मिलती है।
- प्रेरक को अलग से 400 दिए जाते हैं।

**हर स्तर पर सुविधा**-परिवार नियोजन की ये सभी सेवाएं स्वास्थ्य उपकेंद्र, एचडब्ल्यूसी, एपीएचसी, पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल तक उपलब्ध हैं। अंतरा इंजेक्शन उपकेंद्र और एचडब्ल्यूसी में मिलते हैं, जबकि महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा जिला और अनुमंडल अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी स्तर तक उपलब्ध है।

**छोटा परिवार ही खुशहाल जीवन की कुंजी**-सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि छोटा और सीमित परिवार ही गुणवत्तापूर्ण जिंदगी की पहली नींव है। छोटा परिवार होने पर माता-पिता बच्चों को बेहतर शिक्षा और अच्छी परवरिश दे सकते हैं। इसके साथ ही मां का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। सरकार लगातार परिवार नियोजन संबंधी शिविरों और जागरूकता अभियानों का आयोजन कर रही है, ताकि समाज के हर तबके में संदेश पहुंचे।

## पूजा-पंडालों के लिए बिजली कंपनी दे रही अस्थायी कनेक्शन

### पूजा पंडालों को तैयार करने में जुटी पूजा समितियां

**सिवान।** शारदीय नवरात्र को लेकर शहर से लेकर गांव में पूजा पंडालों को तैयार करने में पूजा समितियां जुटी हुई हैं। इस दौरान जिले में लोग जगह-जगह पंडाल में मां दुर्गा की मूर्ति रखकर पूजा पाठ करते हैं और मेले का आयोजन होता है। लोग पंडाल व पथ-प्रकाश की व्यवस्था के लिए बिजली का प्रयोग करते रहे हैं। इसको लेकर विद्युत विभाग ने पूजा समितियों के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। लोगों को पंडाल व पथ-प्रकाश के लिए अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिवशंकर सिंह ने बताया कि एक किलोवाट से लेकर सौ किलोवाट तक अस्थायी कनेक्शन दिया जा रहा है। सभी के लिए अलग-अलग दर निर्धारित किया गया है। बताया कि एक किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए 2049 रुपये, दो किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए 2990 रुपये, तीन किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए 4004 रुपये, 20 किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए 22716 रुपये, 30 किलोवाट के अस्थायी 32855 रुपये, 40 किलोवाट के अस्थायी 42995 रुपये, 50 किलोवाट के अस्थायी 53134 रुपये, 60 किलोवाट के अस्थायी 63273 रुपये, 70 किलोवाट के अस्थायी 73413 रुपये, 80 किलोवाट के अस्थायी 83552 रुपये, 90 किलोवाट के अस्थायी 93692 रुपये व 100 किलोवाट के अस्थायी कनेक्शन के लिए 103831 का भुगतान करना होगा। जांच के दौरान स्वीकृत लोड से अधिक भार पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## सरयू नदी का जलस्तर स्थिर होने से किसानों ने ली राहत की सांस

**गुठनी (सिवान)।** जिले के दक्षिणी छोर से बहने वाली सरयू नदी का जलस्तर पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बढ़ रहा था। मंगलवार की दोपहर नदी का जल स्तर स्थिर होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जल स्तर में थोड़ी सी गिरावट आने के बावजूद भी दरौली व सिसवन में नदी का जल स्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर है। बाढ़ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दरौली में मंगलवार को सरयू नदी का जलस्तर 61.09 मीटर दर्ज किया गया, जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात यहां नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 0.27 मीटर ऊपर स्थित है। वहीं सिसवन में नदी का जलस्तर 57.13 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात सिसवन में भी नदी का जल स्तर खतरे के निशान से करीब 0.09 मीटर ऊपर बह रहा है। बाढ़ विभाग का मानना है कि सरयू नदी का जल स्तर अब धीरे-धीरे नीचे की ओर जाएगा, लेकिन वर्तमान में जलस्तर बढ़ने के कारण गुठनी में बहने वाली छोटी गंडक नदी के जलस्तर भी बढ़ा है, जिससे सोहागरा, पुरैना, धरमपुर, योगियाडीह, गुठनी, योगियाडीह, हनुमानगंज और तीरबलुआ समेत दर्जनों गांव में छोटी गंडक नदी का पानी बांध से सटकर बह रहा है। वहीं सरयू नदी के जलस्तर बढ़ने से गुठनी प्रखंड स्थित ग्यासपुर, पांडेयपार, मैरीटार, दरौली प्रखंड के अमरपुर, केवटलिया, कर्महा, दुब्बा, नरौली और दरौली में भी घाट तक पानी जमा हुआ है। इसके साथ ही आंदर,रघुनाथपुर और सिसवन प्रखंडों में भी सरयू नदी का पानी निचले इलाके के कई गांवों में घुसा हुआ है। बाढ़ का पानी घुसने से धान की फसलें डूब गई हैं। बाढ़ विभाग के एसडीओ अमजद अली ने बताया कि अभी पानी का जलस्तर स्थिर हुआ है। अब घटने की संभावना है, लेकिन किनारे बसे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। बाढ़ विभाग पूरी तरह से तैनात है, जब जहां जैसी स्थिति स्थिति होगी बाढ़ विभाग अपने कर्मियों के साथ वहां जुट जाएगा।

## कुख्यात लाली यादव की हत्या के दूसरे दिन भी चैनपुर बाजार रहा बंद

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पंचमंदिर के समीप सोमवार की देर शाम स्थानीय केदार यादव के पुत्र कुख्यात दिनेश कुमार यादव उर्फ लाली यादव की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर मंगलवार को माहौल पूरी तरह से तनावपूर्ण रहा। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोग चैनपुर बाजार स्थित आंबेडकर चौक पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। हालांकि बुद्धिजीवी लोगों के कहने पर करीब एक घंटे बाद जाम हटा दिया गया और यातायात पुनः बहाल हो गया। वहीं हत्या के विरोध में चैनपुर बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं। चैनपुर में अन्य दिनों की तरह लगने वाली भीड़ नहीं के बराबर थी। लाली यादव के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस की सुरक्षा घेरे में घर पहुंचाया गया। मृतक का शव घर पहुंचते ही स्वजनों के चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। लाली यादव की पत्नी और बेटी बार-बार रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के लोग स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार लाली यादव को दो पुत्र और एक पुत्री है।

## बेतिया-कटिहार समेत 6 जिलों में तेज बारिश

### खगड़िया में दंपति पर गिरी बिजली, महिला की मौत; कल से भारी बारिश की चेतावनी

**पटना ।** बिहार में मानसून के एक बार फिर एक्टिव है। कटिहार, बेतिया, बेगूसराय, भागलपुर समेत 6 जिलों में तेज बारिश हुई। रक्सौल में बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया।

पटना में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। वहीं, भागलपुर में मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने आज यानी मंगलवार को भोजपुर, रोहतास, मुजफ्फरपुर सहित 25 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बाकी के अन्य 13 जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि, शाम से मौसम में बदलाव होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 10 सितंबर से 17 सितंबर तक प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। हालांकि, पटना में सामान्य से कम बारिश होगी। इस दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी होगी। इधर, खगड़िया में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, महिला के पति की हालत गंभीर है।

**धान काटने गए दंपती पर गिरी बिजली-** खगड़िया के बेलदौर प्रखंड के बेला नवादा गांव में मंगलवार सुबह धान काटने गए दंपती पर आकाशीय बिजली गिर गई। घटना सुबह करीब 5 बजे की है। घटना में महिला ज्योति देवी (32) की मौके पर मौत हो गई। जबकि पति राजेश शर्मा (40) बुरी तरह झुलस गए। राजेश शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया। उनका इलाज जारी है।

## प्रेम प्रसंग में हुई चाकूबाजी में गई युवक की जान

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हथिगाई गांव में सोमवार की देर शाम प्रेम प्रसंग में हुई चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए थे। इस दौरान सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सदर अस्पताल जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। जबकि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान हथिगाई निवासी सूरज लाल प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार (20)के रूप में हुई है, जबकि घायलों में राजू कुमार एवं बिट्टू चौहान शामिल हैं। बताया जाता है कि दीपक का गांव के ही किसी युवती के साथ करीब एक वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसी को लेकर विवाद बढ़ गया था। दीपक इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वह सोमवार की देर शाम काम कर बड़हरिया से अपने घर लौट रहा था। तभी गांव में पहुंचते ही करीब आधा दर्जन लोगों ने दीपक पर हमला कर दिया। इस दौरान राजू ने दीपक के ऊपर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। वहीं छीना-झपटी में राजू कुमार एवं बिट्टू चौहान भी घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से सदर अस्पताल जाने के क्रम में दीपक ने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा दलबल के साथ पहुंच घटना की जानकारी ली तथा दीपक का फर्द बयान कराया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। पुलिस दीपक कुमार के फर्द बयान के आधार पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीणों के अनुसार दीपक कुमार गांव के ही युवती से कोर्ट में शादी कर ली थी। इससे युवती के स्वजन नाराज चल रहे थे। युवती के घर वाले दीपक पर गांव छोड़कर कहीं दूसरे शहर में चले जाने का दबाव भी बना रहे थे। हालांकि करीब तीन महीने पहले इस मामले को लेकर पंचायत द्वारा समझौता भी किया गया था और दीपक इसी डर से बाहर चला गया था। करीब 20 दिन पूर्व हीं वह अपने घर आया था।

## मढ़ौरा में एनडीए की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। मंगलवार को बहुआरा पट्टी स्मृति विवाह भवन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार मढ़ौरा में एनडीए के जीत के लिए सभी लोग अभी से लग जाए। प्रत्येक बूथ के लोगों से संपर्क कर अपना बूथ हर हाल में जितने का संकल्प ले। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करना है तथा प्रधानमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मानना है। जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए प्रत्येक कार्यकर्ताओं को




अपने-अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाना है।

इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय, शत्रुघन भक्त, मनोज सिंह,रामबाबू सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, श्याम नंदन विद्रोही,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंबिका माझी, पश्चिम मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार उजाला ,नगरा के मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह, तारा देवी, विद्यावती मिश्रा,अनिल शर्मा, मुन्ना प्रताप सिंह कुशवाहा, श्रीनिवास सिंह, धनंजय शर्मा , गामा सिंह, नागेंद्र राय, आर्य सुमंत, बद्री सिंह, बलबीर सिंह, मुन्ना कुशवाहा, आदित्य शुक्ला, जितेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह,पुरुषोत्तम मिश्रा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मध्यम से लेकर आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लोगों को भी नए जीएसटी से मिलेगा फायदा : प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिवान ।** जीएसटी की दरों में बदलाव के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की प्रशंसा की है। मंगलवार को जिला परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने जीएसटी सुधार का स्वागत किया। इन सुधारों को अधिक निष्पक्ष प्रणाली करार देते हुए उन्होंने कहा कि ये सुधार आम लोगों को राहत देंगे और सभी के लिए बेहतर होंगे। कहा कि जीएसटी सुधार से हर वर्ग को राहत मिली है। साथ ही खपत व अर्थव्यवस्था को भी इससे रफ्तार मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कदम को गरीब, किसान, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के जीवन में नई उम्मीद जगाने वाला बताया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है। इस फैसले से न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। आम लोगों की सेविंग बढ़ेगी और वे अपनी जरूरत की और भी चीजें आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत दुनिया की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री का विकसित भारत का जो सपना है, उस दिशा में देश आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से हम विश्व की आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने में भी समर्थ हो पाएंगे। इसे चाहे ग्राहकों के हिसाब से देखें या अर्थव्यवस्था की गति को और ज्यादा तीव्रता प्रदान करने की दृष्टि से देखें या वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के परिपेक्ष्य में देखें, ये सारे कदम बहुत महत्वपूर्ण हैं। मौके पर जिला प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सत्यम सिंह सोनू, भाजपा के मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, सौरभ सिंह कुशवाहा इत्यादि लोग मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**सिवान** – नगर थाना क्षेत्र के रेनुआ पुल के समीप मंगलवार की सुबह दो बाइक की आमने सामने की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी अनुप कुमार व विपिन कुमार के रूप में हुई है। अनुप कुमार ने बताया कि हम दोनों बाइक पर सवार होकर घूम रहे थे। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। इससे हमलोग घायल हो गए।-

## अलग-अलग जगहों से शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिधवल व जीरादेई थाना क्षेत्र के सिसहानी से शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं शराब लदे दो कार को जब्त भी किया है। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर पहली छापेमारी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिधवल गेट के समीप की गई। जहां से सअनि विरेंद्र कुमार ने 449.640 लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर हरियाणा के सोनीपत के सदर थाना क्षेत्र के गोहाना निवासी सह चालक सज्जन और हरियाण के रोहतक के सदर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी आशु है। बताया कि दूसरी छापेमारी सोमवार की सुबह जीरादेई थाना क्षेत्र के सिसहानी में की गई थी। जहां अवर निरीक्षक अमित कुमार ने 310.500 लीटर शराब एक कार से बरामद की। गिरफ्तार हरियाणा के सोनीपत जिला के खरखोदा थाना क्षेत्र के खरखोदा निवासी सह चालक प्रवेश कुमार व मोनु सिंह है। अधीक्षक ने बताया कि इस कार्रवाई ने शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा किया है जो हरियाणा से बिहार जैसे राज्यों में अवैध शराब की आपूर्ति कर रहा है। बताया कि दोनों कार चालकों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### 14 को निबंध तो 21 को चित्रकला प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सिवान।** केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली के तत्वावधान में मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी द्वारा छपरा, गोरखपुर, मऊ, बलिया, प्रयागराज रामबाग एवं सिवान जंक्शन पर छह वर्ष से 15 वर्ष के रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 14 सितंबर को निबंध प्रतियोगिता एवं 21 सितंबर को आन स्पाट चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसके लिए सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का जन्म तिथि प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। ऐसे में सभी रेल कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि प्रतियोगिता में अपने बच्चों को सम्मिलित कराने हेतु संलग्न प्रारूप फोटो एवं जन्म प्रमाण पत्र सहित अपना विवरण पूर्णरूप से अंकित कर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वाराणसी हित अनुभाग अथवा निम्नलिखित स्थलों पर प्रभारी अधिकारी के समक्ष प्रतियोगिता स्थल पर नियत तिथि, समय एवं स्थान पर प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिता हेतु बच्चों को ड्राइंग शीट व कापी उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि पेंसिल, रबर एवं रंगो कि व्यवस्था प्रतियोगियों को स्वयं करनी होगी।

## बैठक में डांडिया महोत्सव की तैयारी पर चर्चा

**मैरवा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में पांच अक्टूबर को डांडिया महोत्सव भव्यता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को बैठक कर इसकी तैयारी और जिम्मेवारी पर विस्तृत चर्चा की गई। डांडिया महोत्सव के आयोजन मंडल में शामिल मुकुल कुमार बर्णवाल ने बताया कि पांच अक्टूबर को मैरवा में भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के पावन अवसर पर होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां डांडिया की थाप पर थिरकते नजर आएंगे। महोत्सव में विशेष आकर्षण के रूप में संगीत, आकर्षक सजावट और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नंदनी जायसवाल ने कहा कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम की शुरुआत छोटे स्तर पर की गई थी, लेकिन इस बार इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें परंपरागत एवं प्राचीन धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोकर और इसे कायम रखना है। बड़े शहरों में तो ऐसे आयोजन होते ही हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इसका आयोजन बड़ी बात है।

### भूमि विवाद में हुई चाकूबाजी में तीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिकटिया में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की घटना में सोनू कुमार घायल हो गए थे। इस मामले में निशु नारायण मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, गुंजन मिश्रा के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी की गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सोनू कुमार के सीने के नीचे चाकू लगी है। थाना में दिए गए आवेदन में दारौंदा थाना क्षेत्र के कोड़ारी खुर्द निवासी प्रेम निवास राय ने आरोप लगाया है कि छह सितंबर को महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिकटिया में नवनिर्मित मकान का काम करा रहे थे, तभी गांव के ही निशु नारायण मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, गुंजन मिश्रा आए और निशु नारायण मिश्रा व श्रीकांत मिश्रा मेरे लड़के को पकड़ लिए। इस दौरान गुंजन मिश्रा मेरे पुत्र को जान से मारने की नीयत से सीने के नीचे चाकू से प्रहार कर दिया। चाकू लगते ही मेरा पुत्र जमीन पर गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसको इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रेम निवास राय के बयान पर प्राथमिकी कर अभियुक्तों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है।

## कांड को लेकर नोनिया समाज के लोगों ने की बैठक

**सिवान ।** जिला परिषद के प्रांगण में मंगलवार को नोनिया समाज द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अजय भास्कर चौहान ने की। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बड़हरिया प्रखंड के एक गांव में बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने के विरोध में आगामी 20 सितंबर को एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। इस दौरान अजय चौहान ने बताया कि बड़हरिया प्रखंड के एक गांव में 14 अगस्त को 13 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। घटना के बाद पुलिस नामजद आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि इस मामले में 19 अगस्त को हीं बड़हरिया थाना में प्राथमिकी हुई थी। जिसमें चार व्यक्तियों को नामजद किया गया था। घटना को लगभग बीस दिन हो चुके हैं, बावजूद इसमें अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसको लेकर स्थानीय आमजन के साथ-साथ नोनिया समाज में भी आक्रोश है। बैठक में सुभाष चौहान, विश्वकर्मा चौहान, भाजपा प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, मुखिया विनय चौहान, मुखिया राम पुकार चौहान, दिलीप चौहान, जय चौहान, कमलेश्वर चौहान सहित अन्य शामिल थे।

### रेलवे सुरक्षा के प्रति आरपीएफ ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**दारौंदा (सिवान)।** रेल एवं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दारौंदा जंक्शन के आरपीएफ चौकी प्रभारी ग्यास सरवर के नेतृत्व में मंगलवार को विशेष जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे ट्रैक के आसपास अवस्थित विद्यालयों में बच्चों को जागरुक किया गया। छात्रों को खतरे और कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि मानव दुर्घटनाएं तब होती हैं, जब लोग लापरवाही से पटरियां पार करते है या ट्रैक पर चलते हैं। अलार्म चेन पुलिंग बिना कारण के करना कानूनन अपराध है और इसके गंभीर दुष्परिणाम होते है। मवेशियों को पटरियों पर लाना या चराना न केवल जानवरों की जान को खतरे में डालता है बल्कि ट्रेनों की सुरक्षा पर भी असर डालता है। पथराव, पटरियों पर वस्तुएं रखना, सिंग्नल गियर्स से छेड़छाड़ करना जैसी गतिविधियां न केवल यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि रेलवे संपति को भी नुकसान पहुंचाती है। ऐसा करते पाये जाने पर रेलवे अधिनियम के तहत इन कार्यों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर अभियुक्तों को जेल और जुर्माना दोनों का सामना करना पड़ सकता है। जागरुकता कार्यक्रम दारौंदा, अभुई, उजांय समेत कई गांवों में चलाकर बच्चों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ हीं नया प्राथमिक विद्यालय बसवरिया टोला, बसवरिया टोला हनुमान मंदिर परिसर एवं मां काली मंदिर के समीप भी विशेष जागरूकता सभा हुई। इस मौके पर अंकित कुमार, खुशबू कुमारी, अवधेश कुमार, शारदा कुंवर ने कहा कि इस अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक भागमुनी कुमारी, फूलजहां खातून, जुगनू कुमारी देवी, सरोज देवी आदि उपस्थित थे।